सं०सं०—03/परी०— B.T.S.C—(अ०)01—02/2023.3673 पटना, दिनांकः— 02/12/2024

बिहार सरकार

# बिहार तकनीकी सेवा आयोग,
## 19, हार्डिंग रोड, पटना

## आवश्यक सूचना

### विज्ञापन सं०—38/2023 से 52/2023 (व्यवसाय अनुदेशक के विभिन्न पदों)

श्रम संसाधन विभाग, बिहार पटना, अन्तर्गत निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), बिहार, पटना के अधीनस्थ विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में व्यवसाय अनुदेशक के रिक्त पदों पर Degree/Diploma योग्यताधारी अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं०—38/2023 (ग्रुप—1), 46/2023 (ग्रुप—09), 47/2023 (ग्रुप—10) तथा 52/2023 ( ग्रुप—15) में अंतिम मेधासूची तैयार करने के क्रम में कट—ऑफ अंक विज्ञापन/ग्रुप के कट—ऑफ अंक से कम हो जाने के कारण **दिनांक—19.11.2024** को कुल—167 अभ्यर्थियों का पुनः दस्तावेज सत्यापन का कार्यक्रम आयोग कार्यालय में आयोजित किया गया था। उक्त दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों का ग्रुपवार, ग्रुप के अन्तर्गत सभी पदों का पदवार प्राप्तांक, आरक्षण कोटि एवं अन्य विवरणी आयोग के वेबसाईट— **www.btsc.bihar.gov.in** अथवा इस लिंक पर **http://103.75.167.252/DEGREE** पर उपलब्ध है। इस क्रम में संबंधित अभ्यर्थियों से **दिनांक—03.12.2024 से 08.12.2024 के अपराह्न 06:00 बजे तक** आपत्तियाँ (यदि हो तो) आमंत्रित की जाती है।

**नोटः— एक से अधिक विज्ञापन/ग्रुप के अन्तर्गत सफल अभ्यर्थियों को निदेश है कि सभी विज्ञापन/ग्रुप के अन्तर्गत प्रकाशित विवरणी अलग—अलग देख लेंगे। एक विज्ञापन/ग्रुप के अन्तर्गत दर्ज किया गया आपत्ति केवल उसी विज्ञापन/ग्रुप के अन्तर्गत विचारणीय होगा।**

अभ्यर्थी अपना Application No., मोबाईल नम्बर एवं जन्म तिथि डालकर registered मोबाईल नम्बर पर प्राप्त OTP के माध्यम से Login कर दर्शायी गई सभी विवरणी यथा— नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, लिंग, आरक्षण कोटि, प्राप्तांक, अयोग्यता का कारण आदि देखकर संतुष्ट हो लें। किसी प्रकार की कोई त्रुटि होने पर संबंधित अभ्यर्थी अपना आपत्ति कारण सहित आयोग के वेबसाईट पर Raise Objection बटन पर Click करके दर्ज कर सकते हैं।

आयोग के पत्रांक—3261, दिनांक—31.10.2024 द्वारा विज्ञापन सं०—38/2023 से 52/2023 के अन्तर्गत व्यवसाय अनुदेशक के विभिन्न पदों पर Degree/Diploma योग्यताधारी अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन (Document Verification) हेतु पूर्व में आमंत्रित अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत दिशा—निर्देश सहित आवश्यक सूचना प्रकाशित की गयी है, जो लागू रहेगा।

**उक्त ऑनलाईन आपत्ति के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम यथा ई—मेल/निबंधित डाक/कुरियर आदि से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।**

नोटः— 1. **संलग्न सूची मात्र अभ्यर्थियों के प्राप्तांको की जाँच हेतु अपलोड की गयी है। इसे चयन सूची अथवा मेधा सूची नहीं समझा जाय।**

2. **प्राप्त आपत्ति के पश्चात् सभी अभ्यर्थियों के अंको की पुनः जाँच की जाएगी एवं जाँचोपरांत मेधासूची प्रकाशित की जा सकेगी।**

प्रभारी सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।

D:\2022\VYAVASAAY ANUDESHAK\For ITI\AAPTI SUCHANA (After Counselling)_1